महात्मा गांधी नरेगा टोल फ्री हेल्पलाईन नम्बर 1800-180-6127

राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3)

क्रमांक एफ 51(1)ग्रावि/नरेगा/शिकायत/मासिक प्रगति/13–14 जयपुर दिनांक : 14.07.2016

18 JUL 2016

जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम,
समस्त राजस्थान।

विषय :– **महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत पूर्ण कार्यो की मोबाईल एप के माध्यम से जियो टेंगिंग करने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत निर्मित परिसम्पति के संधारण एवं परिणाम की जानकारी हेतु जीआईएस के माध्यम से समाधान किया गया है। इस हेतु इंटरैक्टिव जीआईएस आधारित सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में एसओपी nrega.nic.in पर उपलब्ध है।

जीआईएस आंकड़ों का संधारण निम्न 3 चरणों (Waves) में किया जायेगा।

1. पायलेट चरण (प्रस्तावित तिथि 1 अगस्त, 2016 से 31 अगस्त, 2016 तक) – इस चरण में प्रत्येक राज्य से एक ग्राम पंचायत चयनित कर संबंधित ग्राम पंचायतों के योजनान्तर्गत पूर्ण कार्यो की फोटो एवं लोकेशन मोबाईल एप के माध्यम से लेते हुए जियों टेंगिग की जावेगी। पूर्ण कार्यो की सूचना एमआईएस से लिंक करते हुए एप में स्वतः ही उपलब्ध होगी। **इस हेतु राज्य से झालावाड़ जिले की झालरापाटन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत दुर्गपुरा चयनित की गई है।**
2. वेव–I (प्रस्तावित तिथि 1 सितम्बर, 2016 से 30 सितम्बर, 2016 तक)– इस चरण में पायलेट चरण के सफलता पूर्वक पूर्ण होने के पश्चात राज्य के **4 जिलों की समस्त ग्राम पंचायत में** योजनान्तर्गत पूर्ण कार्यो की **जियों टेंगिग हेतु झालावाड़, बारां, धौलपुर एवं उदयपुर का चयन किया गया है।**
3. वेव–II (प्रस्तावित तिथि 1 नवम्बर, 2016 से 31 दिसम्बर, 2016 तक)– इस चरण में राज्य के शेष जिलों की समस्त ग्राम पंचायतों में योजनान्तर्गत पूर्ण कार्यो की जियों टेंगिग की जावेगी।

उक्त जीआईएस प्रोजेक्ट हेतु राज्य में विभिन्न स्तरों पर निम्नानुसार दायित्व निर्धारण होगा।

क.सं.	स्तर	अधिकारी	उत्तरदायित्व
1	State GIS Nodal Officer (SGNO)	श्री मुकेश विजय, अधिशाषी अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।	राज्य में जीआईएस से संबंधित समस्त मुद्दों की समीक्षा एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय से समन्वय
2	District GIS Nodal Officer (DGNO)	संबंधित जिलो के अधिशाषी अभियंता, महात्मा गांधी नरेगा	जिलें में जीआईएस से संबंधित समस्त मुद्दों पर समन्वय
3	GIS Asset Supervisor (GAS)	संबंधित पंचायत समिति के विकास अधिकारी सह कार्यक्रम अधिकारी	परिसम्पतियों के फोटोग्राफ एवं जीआईएस डेटा की पुष्टि
4	MGNREGA Spatial Enumerator (MSE)	संबंधित ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक/जेटीए	योजनान्तर्गत पूर्ण परिसम्पतियों की मोबाईल एप के माध्यम से जीपीएस लोकेशन के साथ फोटो खींचना (जियो टेंगिग)
5	GPD Champions (GPDC)	चयनित पंचायत समितियों सहायक अभियंता	एसआईआरडी द्वारा ट्रेंनिग प्राप्त कर संबंधित समस्त जीआरएस/जेटीए तथा विकास अधिकारी को प्रशिक्षण देना। साथ ही जीआईएस डेटा की पुष्टि तथा यूजर अकाउन्ट मैनेजमेन्ट में सहायता करना।

जियों टेंगिग हेतु ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कोई मोबाईल हार्डवयेर पृथक से नहीं दिया जायेगा।

जीआईएस प्रोजेक्ट के संबंध में समस्त जिला स्तरीय प्रभारी अधिकारियों (अधिशाषी अभियंता, महात्मा गांधी नरेगा)को निर्देशित किया जाता है कि जियो महात्मा गांधी नरेगा के क्रियान्वयन हेतु संबंधित पंचायत समिति/ग्राम पंचायत स्तरीय जेटीए/जीआरएस (MSE), विकास अधिकारी (GAS) एवं सहायक अभियंता (GPDC) का चयन कर संलग्न प्रपत्र–1 में सूचना इस कार्यालय को दिनांक 20.07.2016 तक ई–मेल–cmsnrega.raj@gmail.com पर भिजवावें।

भवदीय

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

आयुक्त, ईजीएस

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1 अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, समस्त राजस्थान।
2 रक्षित पत्रावली।

अतिरिक्त आयुक्त (प्रथम), ईजीएस

GIS Information

प्रपत्र–1

District Name :–..

S.No.	Name of GP	Name of MGNREGA Spatial Enumerator (MSE)	Mobile Number (MSE)	Name of PS	Name of GIS Asset Supervisor (GAS)	Mobile Number (GAS)	Name of GPD Champions (GPDC)	Mobile Number (GPDC)
1	2	3	4	5	6	7	8	9